www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत

2 क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व...
3 उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक रात्रि ठहराव के दौरान गांव...
4 प्रधानमंत्री सूर्य घर ऊर्जा योजना को हरियाणा में...

वर्षः 9 | अंकः 89 | दिल्ली, बुधवार, 22 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

भारत की संसद प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणीः लोकसभा अध्यक्ष

संजना भारती/पीआईबी

पटना। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडलों में बाधा रहित एवं व्यवस्थित चर्चा तथा श्रेष्ठ संवाद की परंपरा बनाये रखना चाहिए। बैठकों की कम होती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सभी पीठासीन अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए कि हमारे सदनों में व्यवधान ना हो, सहमति असहमति के बावजूद हमारे सदन बेहतर वातावरण में व्यापक जनहित में कार्य निष्पादन करें ताकि हम अपने सदनों के माध्यम से अपने संवैधानिक दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर जनसेवा एवं सुशासन में बेहतर योगदान दे पाए।

पटना में आयोजित 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन के अवसर पर बिरला ने कहा कि सम्मेलन मे संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता, विधायी संस्थाओं में बाधा रहित एवं व्यवस्थित चर्चा, संविधान के 75 वर्ष, संविधान में निहित मूल्यों के अनुरूप सदन संचालन और टेक्नॉलजी व अक के उपयोग पर कुल 5 संकल्प पारित किए गए है। श्री बिरला ने कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ को उत्सव के रूप में मनाने को लेकर सभी पीठासीन अधिकारियों ने creative ideas दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संसद और सभी राज्यों के विधायी निकायों को स्थानीय निकायों की सक्रिय भागीदारी के साथ संविधान की 75वीं वर्षगांठ मनानी चाहिए।

विधि निर्माताओं के लिए उत्कृष्ट रिसर्च सपोर्ट पर जोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि सदस्यों के क्षमता निर्माण और सहायता के लिए विधायी संस्थाओं में उत्कृष्ट रिसर्च और reference विंग होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारी योजना है कि राज्यों की विधान सभाओं/विधान परिषदों के लिए हम लोक सभा में एक RESEARCH POOL स्थापित करें जिससे विधायिकाओं को संसद द्वारा RESEARCH SUPPORT की सुविधा भी उपलब्ध करवायी जा सके। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन- "ONE NATION ONE LEGISLATIVE PLATFORM" का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि इस दिशा में पिछले वर्ष में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। जहां संसद की DEBATES को हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में TRANSLATE कर ONLINE उपलब्ध करवाया जा रहा है, वहीं राज्यों की विधायिकाओं द्वारा भी अपनी वर्तमान व पूर्व की DEBATES के DIGITIZATION के कार्य में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की गयी है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2025 में हम माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुसार भारत के नागरिकों को एक ऐसा अद्वितीय PLATFORM उपलब्ध करवा पाएंगे जहां वे KEY WORD, META DATA व AI EMPOWERED SEARCH के माध्यम से किसी भी विषय पर न केवल संसद की DEBATES अपितु विधायिकाओं में होने वाली DEBATES को भी ACCESS कर पाएंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की संसद प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में दुनिया मे अग्रणी है। उन्होंने बताया कि भारत की संसद में 22 आधिकारिक भाषाओं में से दस में एक साथ अनुवाद किया जा रहा है और जल्द ही यह सुविधा सभी बाईस भाषाओं में सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी। यह भी बताते हुए कि भारत की संसद में सदस्यों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सभी प्रकार के संसदीय कागजात दस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराए जा रहे हैं, श्री बिरला ने खुशी व्यक्त की कि भारत दुनिया का एकमात्र लोकतंत्र है जिसमें हम सभी बहसों का अनुवाद करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। श्री बिरला ने पीठासीन अधिकारियों को विनम्रतापूर्वक सूचित किया कि भारत की संसद उनकी दक्षता, प्रभाव और उत्पादकता में सुधार के लिए राज्य विधानमंडलों के साथ तकनीकी ज्ञान साझा करेगी। श्री बिरला ने आगे कहा कि यह पीठासीन अधिकारियों का संकल्प है कि भारत की संसद, राज्यों की विधायिकाएं, पंचायती राज संस्थाएं, नगरीय निकाय, सहकारी संस्थाएं व समस्त लोकतान्त्रिक संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए हम निरंतर कार्य करते रहें।

हरियाणा में मील का पत्थर साबित हुई 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजनाः श्रुति चौधरी

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 साल पूरे

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि हरियाणा के पानीपत से शुरू हुई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना प्रदेश में मील का पत्थर साबित हुई है। इस योजना से प्रदेश में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच बनी और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आज हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी मेहनत और मेधा से इतिहास रच रही हैं।

उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का प्रमुख उद्देश्य लड़कियों के जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार लाना और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था। इस दिशा में सकारात्मक बदलाव हुए हैं इस कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप प्रदेश में लिंगानुपात साल 2024 में बढ़कर 910 हो गया है इसी दिशा में आगे भी कार्य किए जाएंगे । माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की

शुरूआत हरियाणा के पानीपत की धरती से की थी, जिससे समाज की सोच में बदलाव आया और हरियाणा को भी इस अभियान से दुनिया भर में पहचान मिली है। मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए डॉक्टरों, झोलाछाप डॉक्टर और दलालों की अवैध गतिविधियों को निशाना बनाकर 4 हजार गिरफ्तारियां की गई है ऐसे ही आगे भी कार्रवाई की जाएगी। वर्ष 2014 से पहले लिंगानुपात 1 हजार लडकों के पीछे 870 लड़कियां थी और अब 910 लड़कियां है, इसमें काफी सुधार हुआ हैं और भविष्य में 950 का लक्ष्य हासिल करना है।

हाल ही में माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला सरपंचों को उनके गाँव का ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाएगा ताकि लोग महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक हो सकें। प्रदेश सरकार लगातार इस योजना के तहत अनेक दिशाओं में कार्य कर रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा म्हारी लाडो कार्यक्रम को रेडियो पर शुरू किया गया है इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन जन तक लिंगानुपात के प्रति जागरूक करना और महिलाओं को सशक्त करना है।

अब शुगर फ्री प्रॉडक्ट भी बनाएगा वीटाः मंत्री डॉ अरविंद शर्मा

करनाल में खाद्य उत्पादों की जांच के लिए प्रयोगशाला होगी स्थापित

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ। सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि वीटा अब शुगर फ्री प्रॉडक्ट भी बनाए, ताकि मधुमेह से पीड़ित लोगों को भी इनकी उपलब्धता हो सके। उन्होंने हरियाणा डेयरी विकास फेडरेशन को निर्देश देते हुए कहा कि वीटा उत्पादों की संख्या में इजाफा करते हुए उनकी भरपूर ब्रांडिंग करे, ताकि यह उत्पाद जन-जन के दिल में अपनी गुणवत्ता के लिए स्थान बनाएं। उन्होंने जींद के घी की लगातार बढती मांग को देखते हुए प्लांट क्षमता में बढोतरी करने व घी के प्रचार-प्रसार में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

हरियाणा सिविल सचिवालय पांचवें तल स्थित कांफ्रेंस कक्ष में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा डेयरी विकास फेडरेशन के एमडी रोहित यादव, महाप्रबंधक व 6 वीटा प्लांटों के सीईओ के साथ समीक्षा बैठक की। तकरीबन दो घंटे चली समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सिलसिलेवार तरीके से वीटा उत्पादों, वीटा प्लांटों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक

दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि वीटा उत्पादों की रेंज को बढाया जाएगा, ताकि आमजन को अधिक से अधिक गुणवत्ता से परिपूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सके। मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए शुगर फ्री प्रॉडक्ट बनाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जींद प्लांट के घी की जनता में लगातार बढ रही मांग के आधार पर प्लांट की क्षमता बढाने के साथ-साथ घी की ब्रांडिंग की जाए। वीटा प्लांटों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाते हुए सभी उत्पादों की जानकारी प्रदर्शित की जाए। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि खाद्य उत्पादों की जांच के लिए

■ कैबिनेट मंत्री ने की हरियाणा डेयरी सहकारी फेडरेशन की समीक्षा बैठक

करनाल में केंद्र सरकार की योजना में राष्ट्रीय डेयरी विकास प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश स्तरीय प्रयोगशाला करनाल के हरियाणा कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट हाउस, एग्रो मॉल करनाल में स्थापित की जाएगी। इससे प्रदेश में लघु, सूक्ष्म व बडे उद्यमियों को लाभ मिलेगा और बेहतर तकनीक के साथ खाद्य उत्पादों की जांच समय पर हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूध उत्पादकों की सहूलियत का ध्यान रखा जाए और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर वीटा उत्पादों पर आमजन का भरोसा बढाना है, इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

इस अवसर पर फेडरेशन के एमडी रोहित यादव, जीएम एसएस कोहली, संजय सेतिया, सीईओ विशंबर सिंह, चरण सिंह, राकेश काद्यान, नरेंद्र धानिया, सुखदेव राज, कामिनी आदि उपस्थित रहे।

जनता की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई करें अधिकारीः योगी

(एजेन्सी)।

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां जनता दर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और त्वरित तथा संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या

पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें और इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखनाथ मंदिर के प्रवास के दौरान मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया।

प्रदेश स्तर पर सड़कें हो रही बेहतरः लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे नागरिकः आरती राव

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गुरुग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव और लोक निर्माण व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने नागरिकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम सहित प्रदेश के बाकी हिस्सों में वाहनों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है जिसमें दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। दिन - प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि मुख्य मार्गों पर हर निश्चित दूरी पर एक ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाए। उन्होंने लोगों को दुर्घटना में घायल लोगों की तुरंत सहायता करने का आह्वान करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने के लिए पहला एक घंटा अति महत्वपूर्ण माना गया है। इस अवधि में घायल का उचित उपचार शुरू हो जाए तो उसकी जान को काफी हद तक बचाया जा सकता है। इसके अलावा सरकारी

अस्पतालों में भी 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध रहती है। इसलिए कोई भी दुर्घटना हो जाए तो सर्वप्रथम घायल को सरकारी अस्पताल में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों को सरकार ने निर्देश दिए हैं कि पहले घायल का इलाज शुरू किया जाए, पुलिस कार्यवाही बाद में होगी। इसके अलावा जो व्यक्ति घायल को अस्पताल में लेकर आता है, उसको भी रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से मानदेय दिया जाता है।

स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि रेवाड़ी में एम्स का निर्माण कार्य जोरों पर है और अप्रैल माह तक उसमें ओपीडी सेवाएं शुरू हो जाने की उम्मीद है। इसी प्रकार गुरुग्राम में करीब एक हजार करोड़ रुपए की लागत से 700 बिस्तरों का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश के सभी 22 जिलों में मेडिकल कॉलेज बनवाए जा रहे हैं।

लोकनिर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए धुंध के मौसम को देखते हुए प्रदेश में मुख्य मार्गों पर 3700 किलोमीटर की दूरी में तथा अन्य मार्गों पर 14 हजार किलोमीटर तक सफेद पट्टी बना दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या को कम करने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गौसेवा आयोग का बजट बढ़ाकर अब 400 करोड़ रूपए का कर दिया है। किसी गौवंश का गौशाला की ओर से रजिस्ट्रेशन करवाया जाता है तो उसकी देखभाल के लिए भी गौसेवा आयोग की ओर से खर्चा दिया जाता है। सरकार के प्रयासों से अब बेसहारा पशुओं की संख्या में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घरों के सामने अवैध गति अवरोधक नहीं बनाने चाहिए। लोकनिर्माण विभाग की ओर से ऐसे अवैध स्पीड ब्रेकर तुड़वाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सड़क निर्माण के कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

भाजपा सरकार की अनदेखी से जर्जर होती जा रही सड़के बनती जा रही है हादसों का सबबः कुमारी सैलजा

'संपर्क मार्ग और स्टेट हाइवे की बदहाली खुद बयान कर रही है अपनी दास्तां'

एसबी विशेष संवाददाता

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शहरों और गांवों में सड़को की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जर्जर होती सड़को के गड्ढे हादसों का कारण बनते जा रहे है, इन हादसों में किसी की जान चली जाती है तो कुछ जीवनभर के लिए दिव्यांग हो जाते हैं। स्टेट हाइवें और संपर्क मागों की ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। प्रदेश के अधिकतर जिलों में सड़को की बदहाली को लेकर धरना प्रदर्शन होते आ रहे है। पिछले दस सालों में सड़को की मरम्मत के लिए गंभीर कदम नहीं उठाए गए हैं।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पीपीपी मोड पर केंद्र सरकार टोल और नेशनल हाइवे को लेकर विकास के गीत गा रही है पर यह सरकार प्रदेश की सड़कों, संपर्क मार्ग और स्टेट हाइवे को लेकर मौन साधे हुए है।

लिंक रोड की हालात किसी से छिपी नहीं हैं, ऐसे कई राज्य मार्ग और संपर्क मार्ग है जिनकी दस सालों में मरम्मत तक नहीं की गई है। एक दौर था कि गांवों में सड़को का जाल बिछा हुआ था। केंद्र सरकार ने केवल और केवल नेशनल हाइवे की ओर ध्यान दिया, पर वहां पर टोल स्थापित की वाहन चालकों की जेब पर डाका डाला रहा है, हर वर्ष टोल के रेट बढ़ा दिए जाते हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार संपर्क मार्ग, स्टेट हाइवे और गांवों तक जाने वाली सड़को की ओर ध्यान ही नहीं दे रही है। हर जिला में गांवों तक जाने वाले मार्ग जर्जर हो चुके हे। वाहन हिचकोले खाकर चलते है। सड़कों पर हुए गहरे गड्ढे हादसों का सबब बने हुए

है। सरकार सब कुछ जानकर भी मौन साधे हुए हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि अटेली से महेंद्रगढ़ जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। जर्जर सड़क पर वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी दुश्वार बना हुआ है। लोगों की शिकायतों पर पीडब्ल्यूडी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पलवल शहर की जर्जर सड़के अपनी दास्तां खुद बयान करती है। बड़कली चौक से पिनगवां-पुन्हाना से होते हुए होडल तक लगभग 40 किलोमीटर लंबी सड़क जर्जर हो चुकी है। ये सड़क जगह-जगह टूटकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हादसे का खतरा भी बढ़ गया है।

इसके साथ ही सिरसा, फतेहाबाद, जींद, कैथल जिलों में अधिकतर सड़के जर्जर होती जा रही है। शहरों से गांवों की ओर जाने वाली अधिकतर सड़के की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। प्रदेश में बिछा सड़को का जाल और उनकी बेहतर स्थिति उस प्रदेश का खुशहाली की दास्तां बयान करती है। प्रदेश की भाजपा सरकार को जर्जर हो चुकी और होती जा रही सड़को की ओर ध्यान देना चाहिए।

आगामी बजट में कृषि पर रहेगा विशेष फोकसः कृषि मंत्री

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने राज्य सरकार की किसानों की भलाई और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली "डबल इंजन सरकार" आगामी बजट में किसानों के कल्याण पर विशेष फोकस करेगी।

श्री राणा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ने हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक पूर्व-बजट परामर्श बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। बैठक के दौरान 52 से अधिक सुझाव किसानों और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए। इनमें किसान संघों, किसान उत्पादक संगठनों और फेडरेशन के सदस्यों से इनपुट शामिल थे। मुख्यमंत्री ने बैठक में आश्वासन दिया था कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए एक विशेष रणनीति

पर काम कर रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में किसानों के साथ विस्तार से बातचीत की है ताकि उनकी समस्याओं को समझा जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी बजट सत्र में इन समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे।

केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल का उल्लेख करते हुए श्री राणा ने बताया कि हरियाणा के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट), मेरा पानी-मेरी विरासत, किसान मित्र योजना, और भावांतर भरपाई योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और किसानों की आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा देती हैं।

उन्होंने दावा किया कि हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जो केंद्र सरकार द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सभी 24 फसलों की खरीद करता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर मिल सके, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा डाई-अमोनियम फास्फेट खाद पर एक बार के विशेष पैकेज को मंजूरी दिए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि रु3,850 करोड़ के वित्तीय प्रावधान के साथ इस पैकेज के तहत रू3,500 प्रति टन की सब्सिडी दी गई है। इससे किसानों को वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सस्ती दरों पर डीएपी खाद उपलब्ध हो रही है।

■ संक्षिप्त समाचार

पीएम मोदी भी लगाएंगे महाकुंभ में डुबकी

नई दिल्ली (एजेन्सी)। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को प्रयागराज जा सकते है। उनका ये संभावित दौरा अगले महीने के पहले सप्ताह में हो सकता है। इस दौरान वो कई महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर सकते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाकुंभ के दौरे को देखते हुए महाकुंभ के क्षेत्र, संगम और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्द हो रहे है। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए खास तैयारियां हो रही है। स्थानीय प्रशासन ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। जानकारी के मुताबिक 22 जनवरी को प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान ही योगी कैबिनेट की बैठक होनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले गृहमंत्री अमित शाह भी महाकुंभ जाएंगे। वो 27 जनवरी को महाकुंभ में शिरकत करेंगे। अमित शाह के कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल जारी हो चुका है। इस दौरान वो संगम स्नान, गंगा पूजन और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अमित शाह के दौरे को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने सभी तैयारियां करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियां सख्त निगरानी कर रही है।

गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के कारण कुछ घंटों के लिए लगा रहा यातायात प्रतिबंध

नई दिल्ली (एजेन्सी)। गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन हर वर्ष दिल्ली में 26 जनवरी को होता है। गणतंत्र दिवस पर हर वर्ष शानदार परेड निकाली जाती है। इस परेड की रिहर्सल मंगलवार 21 जनवरी को दिल्ली में निकाली गई है। परेड रिहर्लस को लेकर मंगलवार को मध्य दिल्ली में वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई, जिससे सैकड़ों यात्री सड़कों पर फंस गए। आईटीओ के पास बहादुर शाह जफर मार्ग की ओर जाने वाले मार्ग, आश्रम और आईपी एस्टेट फ्लाईओवर के बीच रिंग रोड की मुख्य सड़कें, मान सिंह रोड, रफी मार्ग, जनपथ रोड, शाहजहां रोड, अकबर रोड, अशोक रोड और कर्तव्य पथ के आसपास के अन्य मार्ग बुरी तरह प्रभावित हुए। कर्तव्य पथ के पास भारी ट्रैफिक की तस्वीर पोस्ट करते हुए, एक्स पर एक यूजर ने लिखा, "क्या @dtptraffic से ट्रैफिक को मैनेज करने के लिए कहना बहुत ज्यादा है? पूरी सेंट्रल दिल्ली जाम में फंसी हुई है।" कुछ यूजर्स ने बताया कि वे काम के लिए देर से जा रहे थे या दिल्ली की सड़कों पर जाम की वजह से काम पर नहीं जाना चाहते थे। एक्स पर एक अन्य यूजर ने लिखा, "काम पर जाने का मन नहीं कर रहा। दिल्ली में ट्रैफिक बहुत भयानक है।"

हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार-प्रियंका

नई दिल्ली (एजेन्सी)। एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसके नेताओं ने कहा कि हम संविधान बदल देंगे। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कोई ऐसा नहीं कह सकता कि हमें आजादी 1947 में नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर करने की बात करेंगे और बाबा साहेब अंबेडकर जी जैसे मसीहा का संसद में अपमान होगा। बाबा साहेब का अपमान कर गृह मंत्री ने लोकतंत्र और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों-शहीदों का अपमान किया है, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी को देश की सारी संपत्ति सौंप दी गई है। जब हम संसद में कहते हैं कि अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज है, जांच की जाए, तो हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है।

सुप्रीम कोर्ट में चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दायर की गई याचिका

नई दिल्ली (एजेन्सी)। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है जिसमें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनकी सरकार पर उनके और अन्य लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामलों की जांच को पटरी से उतारने के व्यवस्थित प्रयासों का आरोप लगाया गया है। याचिका में हितों के गंभीर टकराव और समझौतापूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण का हवाला देते हुए सात मामलों को आंध्र प्रदेश अपराध जांच विभाग (सीआईडी) से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। आंध्र प्रदेश के एक वकील द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि वर्तमान राज्य प्रशासन भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और आपराधिक हेराफेरी के आरोपों से जुड़े मामलों की जांच में बाधा डालने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर रहा है। इन मामलों में, जिनमें एपी फाइबरनेट लिमिटेड मामला, आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) मामला, इनर रिंग रोड मामला और दो असाइन्ड लैंड स्कैम मामले शामिल हैं, कहा जाता है कि इसमें मुख्यमंत्री और कई उच्च-रैंकिंग अधिकारी शामिल हैं।

सम्पादकीय

गाजा में युद्ध विराम का ट्रंप ने लिया क्रेडिट

रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा। निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है। ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे।

जयंती

ठाकुर रोशन सिंह

जन्म-22 जनवरी, 1892, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश; शहादत-19 दिसम्बर, 1927, नैनी जेल, इलाहाबाद) भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक थे। 9 अगस्त, 1925 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पास 'काकोरी' स्टेशन के निकट 'काकोरी काण्ड' के अंतर्गत सरकारी खजाना लूटा गया था। यद्यपि ठाकुर रोशन सिंह ने 'काकोरी काण्ड' में प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था, फिर भी उनके आकर्षक व रौबीले व्यक्तित्व को देखकर डकैती के सूत्रधार रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ और राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी के साथ उन्हें भी फाँसी की सजा दे दी गई।

पुण्यतिथि

ए. नागेश्वर राव

जन्म: 20 सितम्बर, 1924 -मृत्यु: 22 जनवरी, 2014) भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध तेलुगु फि ल्म अभिनेता और फि ल्म निमार्ता है। इन्हें कला क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा सन् 2011 में दूसरा सर्वश्रेष्ठ नागरिक सम्मान पद्म विभूषण और 1990 में भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कल मिलेंगे

संजू अपना लेसन याद करके नहीं आया
टीचर-अपना लेसन याद क्यों नहीं किया?
संजू-जी मैम, कल रात को जैसे ही पढ़ने बैठा, लाइट चली गई
टीचर-तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू-आई, पर जैसे ही पढ़ने बैठा फिर चली गई
टीचर-अरे तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू-आई थी, पर मैं फिर इस डर से पढ़ने नहीं बैठा कि फिर से ना चली जाए!

संजना भारती दैनिक

भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

RNI No. : DELHIN/2016/70240

Phone No.: 9871221635

E-mail ID: sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को मिल पाएगी तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति?

उत्तर कोरिया, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, दक्षिण चीन सागर से जुड़े देशों और आशियान देशों के प्रति अमेरिका की जो ढुलमुल रणनीति रही है, उससे भी भारत चिंतित रहता है। या फिर अरब देशों पर आधिपत्य को लेकर जो अमेरिकी रणनीति रही है, उससे भी भारत परेशान रहता है। भारत इजरायल के निकट है, लेकिन अरब देशों को भी नाराज करने की स्थिति में वह नहीं है

-कमलेश पांडेय

दुनियावी चक्रव्यूह में निरंतर घिरते जा रहे अमेरिका ने जब यौद्धिक 'चंद्रायण व्रत' की बात कही तो सहसा विश्वास नहीं हुआ! वहीं, दुनिया के थानेदार की मजबूरी, दूरदर्शिता और खुदगर्जी भी स्पष्ट महसूस हुई। क्योंकि लगातार किसी न किसी सांसारिक संघर्ष में उलझकर थक-हार चुके देश अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विक्ट्री रैली में विक्ट्री स्पीच देते हुए जो कुछ संकेत दिया, उसका सार-सत्य यही है कि अपने लोगों के बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका अब तीसरा विश्व युद्ध नहीं लड़ना चाहता है और इसकी बची-खुची संभावनाओं को भी जल्द खत्म करने की हिमायत करेगा।

इसलिए सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति मिल पाएगी? या फिर यह किसी अन्य देश यथा-चीन या रूस के मार्फत अन्य देशों पर थोपी जाएगी, जिससे प्रथम विश्वयुद्ध की भांति अमेरिका दूर रहेगा। यूं तो दूसरे विश्वयुद्ध के शुरूआती चरण में भी अमेरिका इस महायुद्ध से दूर ही रहा था, लेकिन जब मजबूरी वश उसमें शामिल हुआ तो युद्ध के परिणामों को अपने गुट पक्ष में बदल दिया।

वहीं, उसकी मौजूदा साफगोई से भी इसी बात का पता चलता है कि अभी भले ही वह तीसरा विश्वयुद्ध नहीं लड़ना चाहता हो, लेकिन यदि उस पर तीसरा विश्वयुद्ध थोपा गया तो इसके भी परिणाम बदलने की क्षमता उसमें है और रही-सही कसर को पूरा करने के लिए ही वह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' पर फोकस करना चाहता है। कहा भी गया है कि अग्र सोची, सदा सुखी। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने अपना नया रास्ता चुन लिया है। अब शेष विश्व को यह तय करना है कि वह आगे क्या करेगा। इस नजरिए से भारत की राह भी स्पष्ट है। जो अमेरिका से अब एक हद तक मिलती जुलती है। कहना न होगा कि समकालीन विश्व में कभी जल के सवाल पर, कभी तेल के प्रश्न पर, कभी रूसी कीप एंड बैलेंस की नीतियों से, तो कभी चीनी विस्तारवादी रणनीतियों से और कभी दुनिया के देशों पर शासन करने की इस्लामिक देशों की सामूहिक महत्वाकांक्षा से अभिप्रेरित तृतीय विश्वयुद्ध की अमूमन दस्तक देता रहता है। जानकार बताते हैं कि यूएसए और यूएसएसआर के बीच शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भले ही अमेरिका ने दुनिया की थानेदारी की, लेकिन अमेरिकी नेतृत्व वाले 'नाटो' को अब जिस तरह से रूस और चीन मिलकर 'ब्रिक्स देशों' के मार्फत घेर रहे हैं, उससे तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी प्रतीत होता है।

आपने देखा होगा कि कभी मिडिल-ईस्ट देशों में, तो कभी क्वाड देशों के अगुवा के तौर पर अमेरिका की भूमिका अक्सर संदेह के घेरे में रही है। वहीं, रूस-यूक्रेन विवाद के युद्ध में तब्दील हो जाने के बाद अमेरिकी दुविधा को लेकर और उसकी नवपरिवर्तित आर्थिक नीतियों को लेकर यूरोपीय संघ के कुछ देशों, यथा- जर्मनी-फ्रांस-इंग्लैंड आदि के द्वारा जिस तरह से उसके नेतृत्व पर सवाल उठाए जाने लगे हैं, इससे अमेरिकी चिंता बढ़नी स्वाभाविक है। वहीं, ग्रीन लैंड द्वीप को खरीदने, पनामा नहर पर पुनः अमेरिकी प्रभुत्व स्थापित करने, मेक्सिको के समीप दीवार खड़ा करने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने आदि को लेकर जो अमेरिकी सक्रियता दिखी है, उससे अमेरिकी-यूरोपीय महाद्वीपों में हलचल स्वाभाविक हैं। यदि एशिया महाद्वीप की बात करें तो यहां चीन-रूस की जोड़ी अमेरिका पर हावी है। भारत को साथ लेकर अमेरिका यहां संतुलन साधना चाहता है, लेकिन भारत-रूस की पुरानी मित्रता यहां आड़े आ जाती है। वहीं, अफगानिस्तान-पाकिस्तान-बंगलादेश-म्यांमार-श्रीलंका आदि भारत के पड़ोसी देशों को लेकर और जम्मूकश्मीर से तिब्बत तक के विवादों को सुलझाने की दिशा में अमेरिका की 'क्षुद्र रणनीतियों' की वजह से भारत भी उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पा रहा है।

वहीं, उत्तर कोरिया, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, दक्षिण चीन सागर से जुड़े देशों और आशियान देशों के प्रति अमेरिका की जो ढुलमुल रणनीति रही है, उससे भी भारत चिंतित रहता है। या फिर अरब देशों पर आधिपत्य को लेकर जो अमेरिकी रणनीति रही है, उससे भी भारत परेशान रहता है। भारत इजरायल के निकट है, लेकिन अरब देशों को भी नाराज करने की स्थिति में वह नहीं है। जबकि ईरान से लेकर यूक्रेन तक में अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो की जो भूमिका रही है, सीरिया से लेकर यूक्रेन तक जो अमेरिकी रणनीति रही है, इससे भारतीय कूटनीति भी प्रभावित होती आई है।

यही वजह है कि यदि अमेरिका अपनी पुरानी शस्त्र व्यापार कूटनीति पर अडिग रहता है तो तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी है। वहीं, इधर देखा जा रहा है कि जर्मनी-फ्रांस, भारत-जापान, ईरान-तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया-ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका-इंग्लैंड, कनाडा-मैक्सिको आदि पर नाटो का प्रभाव जहां कम हुआ है, वहीं ब्रिक्स देशों के नेतृत्वकर्ता चीन-रूस का रणनीतिक दबाव बढ़ा है। ऐसे में अमेरिकी महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखने में ही अमेरिका की भलाई है। शायद दुनिया के विभिन्न देशों की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के चलते ही अमेरिका ने अब अपने को कछुए की भांति निज कवच में ही महफूज रहने की रणनीति अपना ली है, जो उसका दूरदर्शिता भरा कदम है।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध, चीन-ताइवान विवाद आदि के बाद सम्भावित तीसरे विश्व युद्ध की अलग-अलग उठ रही शंकाओं/संभावनाओं को हतोत्साहित करने के लिए अपनी ओर से जो प्रतिबद्धता जताई है, वह काबिलेतारीफ है। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद दिए अपने भाषण में ट्रंप ने कहा कि 'अमेरिका का स्वर्णिम काल अभी से शुरू हो गया है। हम अपनी संप्रभुता बनाए रखेंगे। दुनिया हमारा इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। अमेरिका में अब घुसपैठ नहीं होगी।' इस दौरान एक बार फिर ट्रंप ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा दोहराया। इस दौरान ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका में अब सेंसरशिप नहीं होगी। आज की तारीख अमेरिकियों के लिए आजादी का दिन है। अब हमारे देश का कोई भी इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। जो भी इस देश का इस्तेमाल करेगा उसे सबक सिखाया जाएगा। ट्रंप ने अपने ऊपर चुनाव प्रचार के दौरान हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि वह इसलिए ही बच गए क्योंकि उन्हें अमेरिका को बहुत आगे ले जाना है। ट्रंप ने आगे यह भी कहा कि, 'आज से, हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में हमारा सम्मान किया जाएगा। हम किसी देश को खुद का अब और फायदा उठाने की अनुमति नहीं देंगे। हमारी संप्रभुता को दोबारा हासिल किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता एक ऐसा राष्ट्र बनाना होगा जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो।' इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंफ़ ने कहा, 'हम अपनी दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा करते हैं। उन्होंने मेक्सिको के साथ लगती अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए सेना भेजने का भी ऐलान किया और कहा कि अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे जहां से वो आए हैं।

दुनियादारी पर ट्रंप ने दो टूक कहा कि, अंतरिक्ष में अमेरिका का परचम लहराएगा। मेरी शपथ से पहले इजराइली बंधक छूटे। मिडिल ईस्ट में शांति बहाली के लिए कोशिश करेंगे। मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करेंगे। अमेरिका के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्री भेजेंगे। सेना अपने मिशन के लिए आजाद होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने फिर कहा, दूसरे की जंग में अमेरिका सेना नहीं जाएगी। मैं चाहता हूं कि दुनिया मुझे शांति दूत के तौर पर जाने। वहीं, चीन को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि पनामा कैनाल से चीन का अधिपत्य खत्म करेंगे। पनामा कैनाल को वापस लेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि, मैं देशों को जोड़ने की कोशिश करूंगा। शांति स्थापित करना मेरी प्राथमिकता है। विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं होगी। अमेरिका सैनिकों के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। मैं युद्ध रोकने की कोशिश करूंगा।

वहीं, ट्रंप ने आगे कहा कि दूसरे देशों पर टैक्स और टैरिफ बढ़ाएंगे। हम देश की कानून व्यवस्था को पटरी पर लाएंगे। अमेरिका के लोगों को बोलने की स्वतंत्रता होगी। अमेरिका के दुश्मनों को हराकर रहेंगे। उन्होंने अमेरिका में ड्रग तस्करों को आंतकी घोषित करने का भी ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा, अमेरिकी न्याय विभाग का क्रूर और अनुचित हथियारीकरण खत्म हो जाएगा। उन्होंने अमेरिका को लेकर अपनी नीतियों का भी खाका देश और दुनिया के सामने रख दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिर से मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा। अमेरिका से तेल और गैस का निर्यात बढ़ेगा।

ट्रंप ने कहा, मेक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का काम होगा। संगठिक अपराध के खिलाफ आज से ही काम शुरू होगा। हम महंगाई कम करने के लिए काम करेंगे। लोगों ने मुझे बदलाव के लिए चुना है। इसलिए अब अमेरिका में तेजी से बदलाव आएगा। सारी व्यवस्था आज बदलने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि, बाइडेन ने समाज का ताना-बाना तोड़ा। वो ग्लोबल इवेंट्स को हैंडल नहीं कर पाए। बाइडेन के राज में अपराधियों को शरण मिली। सीमाओं की सुरक्षा पर वो कुछ नहीं कर सके। बाइडेन ने न्यायापालिका का गलत इस्तेमाल किया। इसलिए ट्रंफ़ ने लोगों को आश्वासन दिया कि ट्रंप शासन में अमेरिका फर्स्ट पर फोकस होगा। हमारा मकसद समृद्ध अमेरिका बनाना है। हमारी संप्रभुता बरकरार रहेगी। इस प्रकार से ट्रंप ने शपथ लेते ही अमेरिका के अंदर और अमेरिका से बाहर के लिए अपनी नीतियां खुलकर सामने रख दी हैं। राष्ट्रपति ट्रंफ़ ने ठीक ही कहा है कि, "मैं यूक्रेन में जंग खत्म कराऊंगा, मिडिल ईस्ट में अराजकता को बंद करूँगा और तीसरे विश्वयुद्ध को होने से भी रोक दूंगा।

बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

सोशियोट्रॉपी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। हांलाकि इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रुप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रुप में देखा जाता है

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

सामाजिक ताने बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मौहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवष्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरुरत के समय पहुंच जाते थे। सुख दुख खासतौर से मुसिबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हांलाकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढना लगभग असंभव सा ही है।

दरअसल हमारी परंपरा व्यस्टी का ना होकर समस्टी की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मौहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मौहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख दर्द में पूरा मौहल्ला साथ हो जाता था। मौहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो केटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मौहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरू करते ही मौहल्ले के लोग बारी बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगन चुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक दूसरे को पहचानते ही नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल मिलाप की बात करना बेमानी होगा।

सोशियोट्रॉपी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। हांलाकि इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रुप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रुप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुखदर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रुप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधेव कुटुम्बकम की रही है।

हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नती देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मोके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरुरत के समय खड़े हो जाना जरुरतमंद के लिए संबल होता है। देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना-बाना से सब कुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा-दादी या नाना-नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने घामने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली है वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है। दरअसल सामाजिकता के जो मायने एक समय होते थे उसमें कोई क्या कहेगा महत्वपूर्ण होता था, सामाजिक प्रतिक्रिया का बड़ा भय होता था, आज हालात यह है कि मां-बाप क्या कहेंगे इसकी भी परवाह नहीं रही है। दरअसल न्यूक्लियर फैमेली के यह साइड इफेक्ट है जो लोगों को सोशियोट्रापी से दूर ले जाते हैं। हांलाकि पाश्चात्य देशों द्वारा अब इसकी अहमियत सामने आने लगी है। ब्रिटेन में पिछले दिनों एक अध्ययन में सामने आया है कि अब बच्चों का जब भी मौका मिलता है परिवार यानी कि दादा-दादी या नाना-नानी का साथ जरुरी माना जाने लगा है। क्योंकि सामाजिक ताना-बाना में बिखराव के कारण ही आज की पीढ़ी ही रिश्तों की अहमियत को भूलती जा रही है। दादा-दादी या नाना-नानी में से एक तो पराया होता जा रहा है। जब खास रिश्तों के ही यह हालात होते जा रहे हैं, परिवार के मायने ही बदलते जा रहे हैं तो फिर अडौस पडौस, मौहल्ले या शहर गांव के रिश्तों की बात करना ही बेमानी होगा।

इतना अवश्य है कि आज की पीढ़ी के सामाजिकता से दूर होने के नकारात्मक प्रभाव समाज के सामने आने लगे हैं। पाश्चात्य देश अब रिश्तों की अहमियत को समझने की दिशा में आगे बढ़ने लगे हैं वही हम रिश्तों की अहमियत और सामाजिकता को खोते जा रहे हैं। यह अपने आप में गंभीर चिंता का विषय है। समाज और समाज विज्ञानियों व मनो विज्ञानियों को हालात की गंभीरता केा समझते हुए समय रहते हालात को सुधारने के प्रयास करने होंगे।

खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

तुर्किये के होटल में लगी आग, 10 लोगों की मौत, 32 घायल

(एजेन्सी)।

उत्तर-पश्चिमी तुर्किये में एक स्की रिसॉर्ट के होटल में हुई भीषण आग की घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और लगभग 32 घायल हो गए। बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने सरकारी अनादोलु एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से कूदने के बाद हुई। निजी एनटीवी टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वह इमारत से बाहर निकल गए। उन्होंने एनटीवी टेलीविजन को बताया कि इसके बाद उन्होंने करीब 20 मेहमानों को होटल से बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का स्थान ढूंढना मुश्किल हो गया था। स्की प्रशिक्षक ने स्टेशन को बताया कि मैं अपने कुछ छात्रों तक नहीं पहुंच सकता। मुझे आशा है कि वे ठीक हैं। टेलीविजन छवियों में होटल की छत और ऊपरी मंजिलों में आग लगी हुई दिखाई दे रही है। सरकार ने आग की जांच का नेतृत्व करने के लिए छह अभियोजकों को नियुक्त किया। एनटीवी टेलीविजन ने सुझाव दिया कि होटल के बाहरी हिस्से में शैलेट-शैली के डिजाइन में लकड़ी के आवरण के कारण आग फैलने में तेजी आई होगी।

इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ का कहर, 16 लोगों की मौत

(एजेन्सी)।

इंडोनेशिया। इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने मध्य जावा में गांवों को तबाह करने वाली विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के बाद कम से कम 16 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, मूसलाधार बारिश के कारण आई आपदा में नौ लोग लापता हो गए और अनगिनत अन्य विस्थापित हो गए। इस आपदा ने पेकलोंगन रीजेंसी के नौ गांवों को प्रभावित किया, जहां लगातार बारिश के कारण नदियों ने अपने तट तोड़ दिए। अधिकारियों के अनुसार, बढ़ते पानी के साथ कीचड़, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ पहाड़ी बस्तियों में बह गए, जिससे बड़े पैमाने पर विनाश हुआ।

नीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गास कैटसार्सी ने कहा कि मूसलाधार बारिश के कारण नदियाँ अपने किनारों को तोड़ रही हैं, जिससे मध्य जावा प्रांत के पेकालोंगान रीजेंसी में नौ गाँवों में बाढ़ आ गई है, क्योंकि कीचड़, चट्टानें और पेड़ पहाड़ी बस्तियों में गिर गए हैं। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने मंगलवार तक सबसे अधिक प्रभावित पेटुंगक्रियोनो गांव से कम से कम 16 शव निकाले हैं और बचावकर्मी नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं जो कथित तौर पर अभी भी लापता हैं। कैटसार्री ने कहा कि दस घायल लोग भागने में सफल रहे और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया।

लगभग अक्टूबर से मार्च तक मौसमी बारिश इंडोनेशिया में अक्सर बाढ़ और भूस्खलन का कारण बनती है, 17,000 द्वीपों का एक द्वीपसमूह जहां लाखों लोग पहाड़ी इलाकों में या उपजाऊ बाढ़ के मैदानों के पास रहते हैं। पिछले महीने, इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने 10 शव बरामद किए थे जो जावा द्वीप के पहाड़ी गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे या टनों मिट्टी और चट्टानों के नीचे दबे हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, भूस्खलन, बाढ़ और तेज हवाओं ने 172 गाँवों को तबाह कर दिया और 3,000 से अधिक लोगों को अस्थायी सरकारी आश्रयों में भागने के लिए मजबूर कर दिया।

टेनिस को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे-मनीषा मल्होत्रा

(एजेन्सी)।

पूर्व ओलंपियन और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता पूर्व टेनिस खिलाड़ी मनीषा मल्होत्रा ने भारत में टेनिस की मौजूदा स्थिति के लिये इसके प्रशासकों को दोषी ठहराते हुए कहा कि अगर देश में इस खेल को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे। पुरुष एकल में सुमित नागल 91वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है।

रोहन बोपन्ना पुरुष युगल में 16वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन 44 बरस की उम्र में वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। महिला एकल में भारत की कोई खिलाड़ी शीर्ष 200 में भी शामिल नहीं है जबकि महिला युगल में भी देश की कोई खिलाड

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक रात्रि ठहराव के दौरान गांव शेरगढ़ टापू पहुंचे

एसबी विशेष संवाददाता

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत कुंजपुरा ब्लाक के गांव शेरगढ़ टापू में पहुंच कर लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उपायुक्त के समक्ष रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी उपायुक्त ने उन समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया और भरोसा दिलाया कि आप लोगों की एकझ्र एक समस्या का निराकरण किया जाएगा।

गांव के कुछ किसानों ने कहा कि यूपी से बॉर्डर लगने की वजह से पोर्टल पर फसल का पंजीकरण नहीं होता। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यूपी की जमीन को अगर यहां का किसान काश्त करता है तो उसका पंजीकरण पटवारी की वेरिफिकेशन के बाद करवाया जाएगा। गांव के तालाब का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा इसके लिए गांव वासी उसके आस

■ लोगों की समस्याओं का किया निराकरण

पास बने अवैध कब्जे हटाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति अवैध कब्जे नहीं हटाएगा तो उसके खिलाफ सख़्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने लोगों से पूछा कि परिवार पहचान पत्र को लेकर कोई दिक्कत तो नहीं है। इस पर गांव के एक दो व्यक्ति ने ही अपना हाथ खड़ा किया और बताया कि फैमिली ई डी अलग बनाने में दिक्कत आती है। इस उपायुक्त ने कहा कि ऐसे मामलों के समाधान के लिए सरकार को लिखा जाएगा। यूपी से शेरगढ़ टापू से ग्रीड को जाने वाली सड़क पर जाम की स्थिति रहती है, इसके समाधान के लिए उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने लाल डोरे की जमीन के बारे बीडीपीओ को निर्देश दिए कि जिनके प्रॉपर्टी कार्ड बन गए है उनको वितरित किए जाए। उन्होंने बताया कि लाल डोरे की जमीन की रजिस्ट्री करवाने की जरूरत न पड़े, इस पर सरकार जल्द फैसला लेने वाली है।

इसी प्रकार से श्मशान घाट की समस्या के निवारण के लिए उपायुक्त ने मौके पर हो बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे शिव धाम बनाने के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव भिजवाएं। गांव शेरगढ़ टापू से मोदीपुर जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री नहीं लगाए जाने की शिकायत की जिस पर उपायुक्त ने कहा कि इसकी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे ऐसे कार्यों पर निगरानी रखे अगर कोई गडबड नजर आती है तो इसके लिए उपायुक्त कार्यालय में आकर शिकायत दे सकते है।

सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 का संशोधित तिथि-पत्र जारी

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

चंडीगढ़। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) परीक्षाओं के तिथि-पत्र में संशोधन किया गया है।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की 12 मार्च को होने वाली रसायन विज्ञान, लेखांकन व लोक प्रशासन विषय की परीक्षा 15 मार्च को तथा 15 मार्च को होने वाली राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा 12 मार्च, 2025 को संचालित होगी। इसके अतिरिक्त 18 मार्च को होने वाली गणित विषय की परीक्षा 20 मार्च तथा 20 मार्च को होने वाली समाज शास्त्र व उद्यमिता विषय की परीक्षा 18 मार्च, 2025 को संचालित करवाई जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की 28 फरवरी को होने वाली हिन्दी विषय की परीक्षा 07 मार्च को एवं 07 मार्च को होने वाली गणित (आधार व मानक) विषय की परीक्षा 28 फरवरी, 2025 को संचलित करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 05 मार्च को होने वाली सामाजिक विज्ञान की परीक्षा 17 मार्च को तथा 17 मार्च को होने वाली संस्कृत/ उर्दू/ चित्रकला/ कृषि/कम्पयूटर साईस/शारीरिक व स्वास्थ्य शिक्षा/गृह विज्ञान/संगीत हिन्दुस्तानी (MHV/MHI/MHP) /पशुपालन/ नृत्य/संस्कृत साहित्य (आर्ष पद्धति गुरूकूल)/संस्कृत साहित्य (परम्परागत संस्कृत विद्यापीठ) विषयों की परीक्षा 05 मार्च, 2025 को संचालित करवाई जाएगी। संशोधित तिथि-पत्र बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर अपलोड कर दिया गया है।

ज्ञातव्य है कि सैकण्डरी कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 28 फरवरी से प्रारम्भ होकर 19 मार्च, 2025 तक तथा सीनियर सैकण्डरी की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ होकर 02 अप्रैल, 2025 तक संचालित करवाई जाएंगी। शेष परीक्षाओं की तिथियां यथावत रहेंगी।

शहर में सफाई को लेकर निगमायुक्त ने डोर टू डोर चलाया चेकिंग अभियान

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजों में शीर्ष स्थान अर्जित करने को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा प्रयासरत हैं। इसे लेकर शहर की साफ-सफाई को ओर सुदृढ़ करने के लिए वह लगातार शहर के दौरे कर रही हैं। इसके साथ-साथ डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण को भी चैक किया जा रहा है।

मंगलवार को दौरे में उन्होंने जोन नम्बर 1 के बसंत विहार, मंगलपुर व कैलाश गांव में जाकर साफ-सफाई व कूड़ा एकत्रीकरण को चैक किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित बीट के सुपरवाईजर को निर्देश दिए कि सफाई कर्मियों में बराबर गलियां व क्षेत्र विभाजित किए जाएं। इसके साथ उन्होंने गलियों की गहन सफाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दरौगा, सुपरवाईजर व सफाईकर्मियों के हाजिरी रजिस्टरों की भी जांच की। हाजिरी के अनुसार सभी कर्मचारी ड्यूटी में मौजूद मिले। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। निगमायुक्त डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण को देखने के लिए टिप्पर के साथ-साथ पैदल चली।

गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग लिया जा रहा है या नहीं, इसे भी देखा। एक टिप्पर में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने के लिए विभाजन नहीं था, जिस पर चालक को विभाजन

करने के सख्त निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एक टिप्पर तय गति पर न चलकर अधिक गति से चल रहा था और उसके साथ हैल्पर भी नहीं था, जिस कारण उन्होंने सुगम स्वच्छता एजेंसी पर 5 हजार रुपये का जुमार्ना लगाने के अतिरिक्त निगम आयुक्त को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बात कर साफ-सफाई व कूड़ा एकत्रीकरण की फीडबैक भी ली।

निराश्रित पशुओं को पकड़ने का चल रहा अभियान- निगमायुक्त ने जानकारी देते बताया कि शहर को निराश्रित पशुओं से मुक्त करने के लिए नगर निगम का अभियान तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत रोजाना प्रातः बेसहारा पशुओं को पकड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त अगर कहीं से शिकायत प्राप्त होती है, तो वहां से भी पशुओं को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 5 निराश्रित गौवंश को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में अब तक करीब 180 गौवंश को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला में भेजा गया है, जहां उनकी अच्छे से देखभाल की जा रही है।

निगमायुक्त की नागरिकों से अपील- निगमायुक्त ने नागरिकों से शहर की बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सफाई करने से नहीं बल्कि रखने से होती है। उन्होंने कहा कि वह कचरे को सडक पर या इधर-उधर न फैंके, बल्कि उसे कचरा संग्रहण वाहन या डस्टबिन में ही डालें। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें, ताकि उसका उचित निस्तारण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को, न गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे का संकल्प लेना चाहिए।

पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने सीसी रोड का लोकार्पण किया

एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन

बदायूँ। नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने आज शहर में घण्टाघर प्रेम मार्केट में पीर बोतला की मजार होते हुए महफूज की दुकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण का लोकार्पण किया। नगर पालिका ने करीब 08 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया है। पालिकाध्यक्ष ने लोकार्पण करके इस सड़क को जनता को समर्पित किया है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि अपने-अपने वार्ड में लोग स्वयं स्वच्छता अभियान का सहयोग करें। जनता के साथ जो वायदे किए गए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा है। किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव की दृष्टि से काम नहीं किया जाएगा।

लोकार्पण समारोह में सभासद अनवर खां, सभासद ग्रीश शुक्ला, फरहत अली, अताउर रहमान खान, शफीउररहमान, सलीम खान, बिट्टन भाई, रईस अंसारी, सलीम अंसारी, शाहिद अंसारी, शकील खान, भईय भाई, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली खां, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, अवर अभियन्ता सिविल कृष्ण गोपाल चन्द्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, राजीव मलिक, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, लिपिक नवैद इकबाल गनी, आदि मौजूद रहे।

शांति निकेतन बलिया ने 7 विकेट से पवन इलेवन चकदौलत को किया पराजित

एसबी ब्यूरो मिन्टू कुमार

दलसिंहसराय। स्थानीय बाजार समिति के प्रांगण में बाजार समिति क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित राम लखन महतो मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच पवन इलेवन क्रिकेट क्लब चक दौलत एवं शांति निकेतन बेगूसराय के बीच खेला गया। जिसमें टॉस पवन इलेवन ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए 18.2 ओवर में अपना आखिरी विकेट खोकर 141 रन बनाए। बल्लेबाजों में अजीत ने 35, चंदन ने 20 और प्रशांत ने 16 रन बनाए। इनके विपरीत रासबिहारी, सोनू, गुड्डू व अमित ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में उतरी शांति निकेतन की टीम ने 8.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया और इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया। टीम के बल्लेबाजों में सुमंत ने 44,

■ राम लखन महतो मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 4 के दूसरा दिन

आशीष ने 35 और तौफीक ने 33 रनों का योगदान दिया। जबकि इनके विरुद्ध अविनाश को 2 एवं घनश्याम को 1 विकेट की कामयाबी मिली। इस मैच के बेस्ट प्लेयर सुमंत कुमार घोषित किया गया। जिन्हें अतिथियों द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच में अंपायर के रूप में मो. नफीस एवं पंकज कुमार थे।

स्कोरिंग का कार्य रूपक ऋषभ ने किया। जबकि शशि सिंह एवं मो. राजन की कॉमेंट्री ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर नवनीत कुमार, मो० चाँद, विनय कुमार, नीतीश कुमार, सुभाष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के लिए परेड व सांस्कृतिक टीमों की रिहर्सल शुरू

■ एसीयूटी योगेश सैनी ने किया निरीक्षण

एसबी विशेष संवाददाता

करनाल। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को पुलिस लाईन में रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस, स्काउटस, स्कूलों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सांस्कृतिक कार्यक्रम में की प्रस्तुति दी। इस दौरान एसीयूटी योगेश सैनी ने कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को कहा कि कार्यक्रमों मे किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। एसीयूटी ने पुलिस विभाग की तीन टुकडियों सहित अन्य सभी की रिहर्सल का निरीक्षण किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे प्रस्तुति देने वाली टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रमों के बेहतर प्रदर्शन के लिए समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व

है और बच्चों की प्रस्तुति तथा राष्ट्रीय गान का गायन भी इस पर्व की महत्वत्ता के अनुसार किया जाए।

इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न अधिकारियों के साथ अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में होगी। रिहर्सल के दौरान दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, प्रकाश पब्लिक स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल और जिम्नास्टिक व्लर्ड अकादमी के बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न राजकीय स्कूलों की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया।

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, डीपीसी ज्योत्सना, प्रधानाचार्य संदीप, एबीआरसी ईशा, एओ संगीता तथा डॉ. रशमीत सिंह उपस्थित रहें।

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की विस्तार बैठक आयोजित

संजना भारती संवाददाता

अर्जुन कुमार झा

समस्तीपुर। खानपुर प्रखंड के जहांगीरपुर पंचायत के अंतर्गत जहांगीरपुर कोठिया गाँव में कॉमरेड राजकुमारी देवी के अध्यक्षता एवं अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के महासचिव कॉमरेड नीलम देवी एवं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री कॉम बसंती देवी के पर्यवेक्षण में कॉमरेड कोमल देवी के दरवाजे पर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की बैठक की गई। जिसमें डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री कॉम बसंती देवी ने बताई की दिन पर दिन अनेकों प्रकार से महिलाओं पर जुल्म अत्याचार एवं शोषण बढ़ता जा रहा है।इसलिए महिलाओं को संगठित जागरूक होने की जरूरत है। जब हमारी आबादी आधी है और पुरुषों की तरह सभी कार्य करते हैं तो फिर समाज से उपेक्षित कैसे हो सकते हैं।

शिक्षा क्षेत्र में भी हमें अग्रसर होने की जरूरत है।एक पुरुष अनपढ़ होता है तो एक परिवार अनपढ़ होगा लेकिन एक महिला अनपढ़ होती है तो उससे एक समाज प्रभावित होगा। क्योंकि महिला से हीं समाज का निर्माण होता है। वही आगे

अखिल भारतीय महिला संगठन की विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि हम सांगठनिक रूप से जितना मजबूत होंगे हम उतने ही अपने आपमें सुरक्षित होंगे। इसलिए हमें अपने महिला संगठन को विस्तार करने की जरूरत है। वही आगे कॉमरेड नीलम देवी कही केंद्र सरकार के गलत नीतियों के चलते महंगाई चरम पर है। आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने सभी गरीब परिवार खासकर महिलाओं के जीवन पर भयंकर रूप से कहर बरसाया जा रहा है। महिलाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर हमारी मुख्य मांगें हैं 1.मूल्य वृद्धि पर रोक लगाओ। 2.माइक्रो फाइनेंस कंपनी को बंद कर गरीब महिलाओं को रोजगार के लिए सरकारी बैंकों से लोन दिया जाय। 3.सभी भूमिहीनों को 10 डिसमिल जमीन दिलाई जाय। 4.रसोई गैस की कीमत 500/ रुपया प्रति सिलेंडर किया जाय। 5. पीडीएस के माध्यम से मिट्टी तेल, चावल, दाल, गेहूं तेल, चीनी सहित 14 आवश्यक वस्तुओं को महैया कराया जाय।

वही बैठक के मौके पर प्रेमानन्द सिंह, कोमल देवी, कलवातिया देवी, इंदु देवी, रामवती देवी, निर्मला देवी, मीना देवी, शैफुल निशा, मंजू देवी, सुशील देवी सहित दर्जनों महिला साथी उपस्थित रही।

अनिक ने कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों व छोटे बच्चों को बांटे ऊनी वस्त्र

एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन

बदायूं। गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी अनिक संस्था द्वारा ज़िला कारागार बदायूं में सरोजिनी नायडू वार्ड महिला कक्ष में निरूद्ध महिला बन्दी एवं महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए नये ऊनी वस्त्र, ऊनी शॉल, बिस्किट आदि वितरित किये। अनिक महिला अध्यक्ष कृष्णा देवी एडवोकेट ने महिला बंदियों का हालचाल जाना।

इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ के बदायूं प्रभारी मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स, कृष्णा देवी एडवोकेट, विमला देवी, सलमान एडवोकेट, विकास कुमार, जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार, कारापाल कुंवर रणजय सिंह आदि मौजूद रहे।

हथौड़ी पुलिस ने थाना कांड संख्या-64/2024 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संजना भारती संवाददाता

अर्जुन कुमार झा

समस्तीपुर। हथौड़ी पुलिस ने बीती रात पुलिस फोर्स के साथ गुप्त सूचना के आधार पर बाघोपुर गाँव में छापामारी कर लुका छिपी शराब बेचने के आरोप में हथौड़ी थाना कांड संख्या-64/2024 में फरार चल रहे नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।वही बताते चले कि गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में पूछने पर हथौड़ी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि हथौड़ी थाना कांड संख्या-64/2024 के फरार नामजद प्राथमिकी महिला अभियुक्त (1) लीला देवी पति शम्भू सहनी ग्राम-बाघोपुर-थाना हथौड़ी-जिला समस्तीपुर को बीती रात पुलिस फोर्स के सहयोग से छापामारी कर घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा गिरफ्तारी कागजात तैयार कर नामजद

प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस पदाधिकारी व महिला पुलिस के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से उपस्थापन हेतु माननीय न्यायालय समस्तीपुर भेजा गया है।

वही दूसरी तरफ हथौड़ी थाना पुलिस ने क्षेत्र के परशुराम गाँव में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी के दौरान 5 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक महिला शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा लुका छिपी से शराब की कारोबार करने के आरोप में थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने मद्य निषेद्य उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस पदाधिकारी व महिला पुलिस के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से उपस्थापन हेतु माननीय न्यायालय समस्तीपुर भेज दिया गया है।

एसएसपी द्वारा किया गया पैदल गश्त

एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन

बदायूँ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0 के0 सरोज तथा समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने व जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से पैदल गश्त की गई।

बीपीएस कॉलेज देसरी में हुआ छह दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय

हाजीपुर। वैशाली जिला अन्तर्गत बीपीएस कॉलेज, देसरी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच सोमवार को 20 जनवरी से 25 जनवरी तक होने वाले खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो० डॉ० सतीश कुमार राय ने अपने कर-कमलों से फीता काटकर की तथा इस क्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उनपर पुष्प-वर्षा की एवं करतल ध्वनि से महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, कर्मीगण और उपस्थित खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और इस क्रम खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आशीर्वचन के क्रम में प्रो० डॉ० सतीश कुमार राय ने कहा कि खेल से न केवल

शारीरिक विकास होता है, बल्कि इससे मानसिक विकास भी होता है जो छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए लाभकारी है, क्योंकि इस क्षेत्र में भी रोजगार के दृष्टिकोण से बहुत संभावनाएँ हैं।

वहीं इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, डॉ० राजीव कुमार ने कहा कि यह महाविद्यालय नैक मूल्यांकन में बी ग्रेड प्राप्त किया है जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है तथा हमारी मंशा है कि इस महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो जिसके लिए हमारा प्रयास लगातार रहा है और भविष्य में भी रहेगा।

आवश्यक सूचना

तेजी से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली

वाटसेप नम्बर: 9871221635

खानपुर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत NBW वारंट में फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

■ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने गिरफ्तार अभियुक्त को भेजा जेल

संजना भारती संवाददाता

अर्जुन कुमार झा

समस्तीपुर। खानपुर पुलिस ने बीती रात पुलिस फोर्स के साथ गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के टेढ़ा मिल्की गाँव वार्ड-12 में छापामारी कर समस्तीपुर न्यायालय से निर्गत NBW वारंट में फरार चल रहे अभियुक्त (1) धर्मेंद्र महतो पिता-स्वर्गीय रामचन्द्र महतो-ग्राम-टेढ़ा मिल्की-थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को छापामारी के क्रम में घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया।तथा वही गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त धर्मेंद्र महतो पिता स्वर्गीय रामचन्द्र महतो-ग्राम-टेढ़ा

मिल्की के विरूद्व समस्तीपुर न्यायालय से निर्गत NBW वारंट में फरार चल रहा था जिसे बीती घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया।तथा गिरफ्तारी कागजात तैयार कर थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर ऊर्जा योजना को हरियाणा में तेजी से लागू कर रहे: मंत्री अनिल विज

सोलर पावर हाउस बनने से गांव के सभी ट्यूबवेल की सप्लाई होगी: अनिल विज

संजना भारती संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा किसानों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों को सुझाव दिया है कि राज्य के प्रत्येक गांव में एक सोलर पावर हाउस बनाया जाए, ताकि वहां पर जो भी टयूबवेल हैं, उनकी सप्लाई उस सोलर पावर हाउस से की जाए और किसानों के सभी ट्यूबवेल संचालित हो सकें। इससे किसानों को कोई एतराज भी नहीं होगा।

श्री विज आज जयपुर में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय द्वारा विभिन्न राज्यों के ऊर्जा/ बिजली /नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों की एक क्षेत्रीय कार्यशाला कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी सहित अन्य राज्यों के ऊर्जा और बिजली मंत्री भी उपस्थित थे।

श्री अनिल विज ने बताया कि ये सुझाव उनके द्वारा किसानों की जरूरतें जैसे जहां पर पानी गहरा है और 10 किलो वाट की मोटर नहीं चलती, उसे मद्देनजर रखते हुए दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से किसानों के लिए कुसुम योजना भी चालू की गई है और हरियाणा ने अपने टारगेट को हिट किया है, बल्कि हम टारगेट के पास पहुंच चुके हैं ताकि हरियाणा का हर किसान अपने ट्यूबवेल को सोलर एनर्जी से चलाए।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सूर्य घर योजना चलाई है। इसके तहत हर घर के ऊपर सोलर पैनल को लगाकर लोगों को सस्ती बिजली मुहैया कराई जा सके। इसमें सरकार सब्सिडी भी दे रही है और केंद्र सरकार 60 हजार रुपये दे रही है तथा हरियाणा सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपनी तरफ से 50 हजार रुपए देने का अपनी ओर से निर्णय किया हुआ है यानि 1,10,000 रुपए सब्सिडी के तौर पर दिए जाते हैं।

श्री विज ने कहा कि लोगों को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की बजाय लोगों को संबल बनाना चाहिए, ताकि उनको किसी के आगे हाथ पसारने की जरूरत न पड़े। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। श्री विज ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर ऊर्जा योजना को हरियाणा में तेजी से लागू कर रहे हैं ताकि इसका पूरा लाभ हम हर व्यक्ति तक पहुंचा सके।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सोलर ऊर्जा को लगाकर हर व्यक्ति देश के निर्माण में बहुत अधिक सहयोग दे सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य भी अग्नि, जल, वायु, धरती और आकाश पांच तत्वों से मिलकर बना है। इसमें जो अग्नि तत्व है वो सूर्य है। जबकि बाकी स्त्रोतों का मानव जाति ने काफी दोहन कर लिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रयासों के बावजूद पर्यावरण को बचाने का जो काम होना चाहिए था और जितनी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता होनी चाहिए अभी उतनी नहीं मिली है। जबकि यूएनओ के तहत कई प्रकार के प्रतिबंध भी लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन के लिए इस धरती को पर्यावरण रहित और शुद्ध रखना बहुत ही आवश्यक है क्योंकि ऊर्जा के बिना भी आदमी नहीं रह सकता, कारखाने नहीं चल सकते, गाडिया नहीं चल सकती, बसे नहीं चल सकती, कारें नहीं चल सकती, ये भी उतनी ही आवश्यक है। इसलिए अब भारत ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सोलर एनर्जी की ओर बढ़ना आरम्भ कर दिया है तथा इसको बहुत ही अच्छे ढंग से बढ़ाया जा सकता है।

उत्तर क्षेत्र के लिए आयोजित इस कार्यशाला के केन्द्र बिन्दु में पीएमसूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना, नवीनीकरण ऊर्जा के अधिकतम इस्तेमाल, पीएम कुसुम योजना के सफल क्रियान्वयन व पवन चक्की विद्युत संयंत्रों के पुनरुद्धार पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर हरियाणा बिजली निगमों को रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य करने व निर्धारित लक्ष्यों से अधिक क्षमता स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। जिसके तहत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को वर्ष 2019-20, 2020-21, व 2021-22 के लिए क्रमशः 9.77 करोड़, 10.52 करोड़ व 11.89 करोड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 व 2023-24 के लिए क्रमशः 11.16 करोड़, 8.01 करोड़, 13.92 करोड़, 9.58 करोड़ व 14.58 करोड़ की राशि प्रदान की गई। श्री विज ने केन्द्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि हरियाणा भविष्य में भी इसी उत्साह से नवीनीकरण ऊर्जा को बढ़ावा देने का कार्य करता रहेगा।

इस मौके पर हरियाणा के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के महानिदेशक एस नारायणन तथा ऊर्जा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी व नवीन नवीकरणीय विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद जिन्दल की ओर से कलायत के दो स्थानों पर नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए गए

संजना भारती संवाददाता

कलायत। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य संसदीय क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करना है। ये संकल्प शिविर नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे हैं।

इस कड़ी में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कलायत विधानसभा के खुरड़ा वार्ड नंबर 5 में सुबह 10 से 1 बजे तक नागरिक सुविधा केंद्र पर और गांव थेह बाहरी में दोपहर 2 से 4 बजे तक मुख्य चौक पर नवीन संकल्प शिविरों के आयोजन किए गए।

कैंप का शुभारंभ राजौंद के खुरडा वार्ड नंबर 5 में पार्षद किरणपाल राणा व थेह बाहरी में सरपंच रीना देवी धर्मपत्नी मंगत राम ने किया। कलायत हल्का

प्रभारी कर्मवीर सिसोदिया ने बताया कि नवीन संकल्प शिविरों में 47 लोगों को कागजात और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 230 लोगों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई जबकि 39 लोगों के निःशुल्क टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद जिन्दल का प्रयास है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाऐ।

इस मौके पर राहुल शर्मा, श्याम लाल, गुरदास, अनिल कुमार, राहुल, धर्मपाल, बलजिंदर, नितिन, काजल राजपूत मौजूद रहे।

विधायक ने 58 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

सेक्टर-14 में कम्यूनिटी सेंटर के पास दीवार और सेक्टर-5 में ट्यूबवेल की इंस्टालेशन की रखी आधारशिला

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को शहर में 58 लाख रुपये के दो विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने वार्ड-8 के सेक्टर-14 में कम्यूनिटी सेंटर के पास दीवार और सेक्टर-5 में ट्यूबवेल की इंस्टालेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने मौके पर पहुंचे लोगों को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

विधायक जगमोहन आनंद वार्ड-8 के सेक्टर-5 में पहुंचे। यहां उन्होंने ट्यूबवेल इंस्टालेशन के कार्य का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम भूमि पूजन किया और नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर कुल 38 लाख रुपये की लागत आएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में सेक्टरवासी पहुंचे। उन्होंने सभी को लड्डू खिलाकर बधाई दी। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद वार्ड-8 के सेक्टर-14 में पहुंचे। यहां उन्होंने कम्यूनिटी सेंटर के पास दीवार के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य में कुल 20 लाख रुपये की लागत आएगी। विधायक ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और निर्माण कार्य भी गुणवत्तापूर्वक किया जाए।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से दूर करना, उनका दायित्व है। करनाल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके कैंप कार्यालय में आ सकता है। समस्या लिखित हो और उस पर उक्त व्यक्ति का नाम, पता व मोबाइल नंबर अवश्य हो ताकि बाद में उनसे संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। करनाल शहर को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात मिल रही है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल जी के प्रतिनिधि श्री कविंद्र राणा जी, वरिष्ठ नेता श्री अशोक भंडारी जी, चेयरपर्सन श्रीमती मेघा भंडारी जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता जी, श्री राकेश बत्रा जी एवं संकल्प भंडारी सहित स्थानीय निवासी मौजूद थे।

डीसी ने किया स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

स्कूल में साफ-सफाई की सराहना की

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। डीसी प्रीति ने मंगलवार सुबह सेक्टर 19 स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी प्रीति सुबह नौ बजे स्कूल में पहुंचीं। जहां सबसे पहले उन्होंने साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रिंसिपल को स्कूल में एकत्रित कचरे को आग न लगाने बारे हिदायत दी। इसके बाद डीसी ने कक्षा कक्ष में जाकर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों से पढ़ाए जा रहे पाठ के बारे में पूछा। इसके बाद डीसी मिड डे मिल के स्टोर रूम में गईं। जहां उन्होंने पैकिंग के उत्पादों पर एक्सपायरी तिथि व स्टॉक रजिस्टर में अंकित सामान की मात्रा का अवलोकन किया। उन्होंने शौचालय का निरीक्षण किया।

इसके बाद डीसी ने मिड डे मिल के लिए इको क्लब द्वारा उगाई गई सब्जियों का निरीक्षण किया। फिर डीसी ने एक अन्य कक्ष का निरीक्षण करते हुए बच्चों से पढ़ाए जा रहे पाठ के बारे में जानकारी हासिल की और बच्चों को अनुशासन बनाए रखने बारे जागरूक किया। उन्होंने स्कूल के हाजिरी रजिस्टर की जांच की। इसके बाद उन्होंने बच्चों के पेयजल की जगह को ओर अधिक स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए। डीसी ने स्कूल मुख्य अध्यापिका को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों को स्वच्छता के बारे में लगातार जागरूक करें। साथ ही प्रार्थना सभाओं में देश-प्रदेश की बड़ी खबरों से अवगत करवाया जाए। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद

सहित विभिन्न व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

डीसी ने कहा कि बच्चों की समय-समय पर काउंसलिंग की जाए। साथ ही नियमानुसार बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करवाई जाए। अगली कक्षा में जाने वाले बच्चों में सभी का शत-प्रतिशत स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा ड्रॉप आउट न हो। बच्चों के लिए नियमानुसार अच्छा डाइट चार्ट बनाकर अभिभावकों को जागरूक करें। अभिभावकों को भी बताएं कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए संतुलित भोजन कितना जरूरी है। इसमें हरी सब्जियों को जरूर शामिल किया जाए। डीसी ने कहा कि स्कूल हमारे जीवन का आधार है। सभी से यही आह्वान है कि अपने बच्चों को स्कूलों में भेजें, ताकि समाज को आगे ले जाया जा सके। इस स्कूल का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। जो भी छोटी-मोटी कमियां हैं, उन्हें सायं तक दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीसी प्रीति मंगलवार सुबह स्कूल के निरीक्षण के बाद ऋषि नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया। जहां उन्होंने सबसे पहले बच्चों को दिए जा रहे आहार की गुणवत्ता, उसकी एक्सपायरी डेट के बारे में जानकारी ली। इसके बाद स्वयं राशन की गुणवत्ता को जांचा। मौके पर मिली हेल्पर ने बताया कि सर्दियों की छुट्टियों के बाद आज ही आंगनबाड़ी केंद्र खुले हैं। आंगनबाड़ी वर्कर छह माह के अवकाश पर है। आंगनबाड़ी का प्रभार साथ की आंगनबाड़ी वर्कर के पास है। इसके बाद संबंधित आंगनबाड़ी वर्कर को बुलाकर बच्चों की संख्या सहित विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल की। डीसी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्र में प्रकाश की उचित व्यवस्था हो और राशन व अन्य सामान रखने के डिब्बों की बाहर से भी अच्छे ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

जाट हाई स्कूल सोसायटी के कॉलेजियम के चुनाव को लेकर पहले दिन 46 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन

2 फरवरी को होगा चुनाव

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जाट हाई स्कूल सोसायटी के 75 कॉलेजियम के चुनाव को लेकर पहले दिन 46 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि नामांकन भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवार सोसाइटी द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र के अतिरिक्त दो फोटो युक्त सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र तथा चार पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। नामांकन की फीस 11000 रुपये होगी जोकि नॉन-रिफंडेबल होगी। नामांकन की फीस केवल डिमांड ड्राफ्ट या चैक द्वारा ही स्वीकार की जाएगी।

जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने

बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 23 जनवरी को की जाएगी। इसके बाद 24 जनवरी को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। 25 जनवरी को चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। इसके बाद दो फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक जाट कॉलेज कैथल में मतदान होगा। उसी दिन शाम को परिणाम घोषित किया जाएगा।

विभिन्न श्रेणियों के लिए 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित : जिला समाज कल्याण अधिकारी सुदेश कुमार

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार

कैथल। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुदेश कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण /सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत / सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठन को पुरस्कार देने के लिए आगामी 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस दौरान संबंधित पात्र व्यक्ति/संस्थाएं https://award.socialjuticehry.gov.in पर 3 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकती हैं। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने ने बताया कि विभाग द्वारा 10 श्रेणियों सेंटेनेरियन, सर्वोत्तम माता, साहस व बहादुरी पुस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर, वरिष्ठ मूर्तिकार, वरिष्ठ संगीतज्ञ/गायक, नृत्यक, वरिष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 30 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। सर्वश्रेष्ठ पंचायत, सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठन, सर्वश्रेष्ठ ओल्ड ऐज होम व डे केयर सेंटर पुरस्कार की श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 75 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

डाकघर से भी मिल रही विश्वभर में सामान निर्यात करने की सुविधा: पंकज मीणा

एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

करनाल। प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डाकघर के माध्यम से कोई भी कारोबारी विश्वभर में सामान निर्यात कर सकता है। डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही डाक निर्यात केंद्र (डीएनके) सेवा द्वारा यह बहुत ही अच्छे तरीके से यह कार्य किया जा रहा है। यह सेवा छोटे और मझोले कारोबारियों को निर्यात करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि करनाल डाकघर में इस सेवा का लाभ कोई भी व्यक्ति उठा सकता है।

प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डीएनके सेवा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचा सकता है। डाकघर निर्यात केंद्र का मकसद, विदेशों में सामान भेजने वाले निर्यातकों को कस्टम से जुड़ी समस्याओं व अन्य परेशानियों से बचाना है। इस सुविधा से निर्यातकों के समय और पैसे दोनों की बचत होती है। प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डाक निर्यात

केंद्र सेवा से निर्यातकों को निर्यात लेनदेन और भुगतान पर बेहतर नियंत्रण मिलता है।

निर्यातकों को पैकेजिंग, फ्री पिक-अप, ट्रैकिंग और वॉल्यूम-आधारित छूट जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इसके साथ-साथ निर्यातकों को सहायता और मार्गदर्शन भी मिलता है। इलेक्ट्रॉनिक कस्टम क्लियरेंस की सुविधा भी मिलती है। डाकघर निर्यात केंद्र, निर्यातकों और अंतर्राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स एग्रीगेटर्स की मदद करता है।

ये है प्रोसेस: प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डाक निर्यात केंद्र सेवा के लिए पीबीई फॉर्म भरने और दाखिल करने के लिए, सीमा शुल्क विभाग की अधिसूचनाओं का पालन करना होता है। बैंक खाता विवरण सही देना होता है, ताकि समय पर आईजीएसटी रिफंड मिल सके। डाक निर्यात केंद्र से माल निर्यात करने के लिए निर्यातक के पास वैध आयात-निर्यात कोड (आईई कोड) होना चाहिए। डाकघर निर्यात केंद्र से सामान भेजने के लिए, आपको इंडिया पोस्ट की वेबसाइट से पंजीकरण कराना होता है। पंजीकरण के बाद, आपको अपने उत्पाद पर जीएसटी नंबर और आधार कार्ड की कॉपी चिपकानी होती है। डाकघर निर्यात केंद्र से सामान भेजने के लिए, आपको पोस्टल बिल ऑफ एक्सपोर्ट (पीबीई) भरना होता है। कस्टम विभाग से इलेक्ट्रॉनिक अप्रूवल मिलती है। पार्सल की बीमा कराने की सुविधा भी मिलती है।

स्तनपान के लाभ व व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

दूसरे दिन कार्यकर्ताओं को दिया पोषण प्रशिक्षण

एसबी विशेष संवाददाता

करनाल। महिला एवं बाल विकास विभाग खंड नीलोखेड़ी द्वारा ब्लॉक स्तर पर तीन दिवसीय आंगनवाड़ी वर्कर प्रशिक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा जिसका संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद तथा डब्ल्यू सीडीपीओ डॉ राजबाला द्वारा किया किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनका समग्र विकास करना, खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करना है।

प्रशिक्षण में नीलोखेड़ी ब्लॉक की 90 कार्यकर्ता भाग ले रही है। प्रशिक्षण का विषय पोषण रहा। कार्यकर्ताओं को स्वस्थ बच्चे और मानव जीवन चक्र में पोषण की भूमिका बताई गई। लघु तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पर चर्चा की गई। अति कुपोषित तथा मध्यम स्तरीय कुपोषित बच्चों की पहचान, रोकथाम तथा प्रबंधन सिखाया गया। स्तनपान के लाभ तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में

भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पीओ सीमा प्रसाद ने आंगनवाड़ी वर्कर्स को प्रोत्साहित किया। बताया कि हमें शिक्षा को बाल केंद्रित बनाना चाहिए। पोषण के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने को कहा। बच्चों को खेल-खेल में सिखाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को मासिक धर्म के बारे में जागरूक किया। महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन के उपयोग और स्वच्छता के महत्व बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बीपीएल महिला लाभार्थियों को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराये जा रहे हैं ताकि इसका उपयोग और अधिक सुलभ बनाया जा सके। सैनिटरी नैपकिन्स महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बैक्टीरिया और संक्रमण को रोकने में मदद करता है।

प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पूनम, वीना, नेहा, रितु सुदेश, अलका, अनामिका, दीपिका का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण कल भी जारी रहेगा।

नरेंद्र प्रजापति राजौंद के निधन से नगर में शोक की लहर

एसबी संवाददाता

राजौंद। राजौंद नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि नरेंद्र प्रजापति का लंबी बीमारी के बाद पीजीआई चंडीगढ़ में निधन हो गया है। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक, गैर राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने गहरा शोक प्रकट किया है। उसके भाई रामभज प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया नरेंद्र प्रजापति की आयु तकरीबन 35 वर्ष थी। उसके दो छोटे बच्चे हैं। एक 3 वर्ष का लड़का युवराज और एक वर्ष की गुरनूर लड़की है। नरेंद्र प्रजापति का पिछले कई महीनों से स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उनके देहांत की खबर से राजौद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। नरेंद्र प्रजापति भाजपा

ओबीसी मोर्चा के युवा अध्यक्ष रहे। उन्होंने पार्टी की विभिन्न पदों पर रहते हुए निस्वार्थ भाव से सेवा की।

सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को दिया जागरूकता का संदेश: रेणु रानी

एसबी विशेष संवाददाता

करनाल। नेहरू युवा केन्द्र करनाल की जिला युवा अधिकारी रेणु रानी ने बताया की सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को जागरूकता का संदेश देने के लिए 17 से 23 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। इसी कड़ी में आज नेहरू युवा केंद्र करनाल एवं माय भारत के युवा स्वयंसेवकों ने शहर के मुख्य चौराहों आईटीआई चौक, अंबेडकर चौक, हॉस्पिटल चौक, घंटा घर चौक जाकर यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाकर जन जागृति का संदेश दिया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी रेणु रानी ने बताया की यातायात पुलिस के सहयोग से युवाओं ने गुलाब के फूल देकर सडक सुरक्षा के नियमों की पालना करने, दो पहिए वाहन चलाते हुए हेमलेट का उपयोग करने, कार चलाते समय शीट बेल्ट का उपयोग करने, यातायात संकेतों का ध्यान रखते हुए वाहन चलाने की जानकारी देकर जागरूक किया। युवाओं ने बताया कि हम सुरक्षित तो पुरा परिवार सुरक्षित इस मानसिकता के साथ वाहन चलाकर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचे। इस अभियान में लड़कियों की सहभागिता भी सराहनीय है।